# गंगावतरणम
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

जुलाई–सितम्बर, 2019





# संपादकीय

प्रिय पाठको,

हमें हर्ष है कि आप सभी लोगों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, रक्षा बंधन व पोंगल जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक पर्वो तथा स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। इसके ठीक बाद ही नवरात्रि, दुर्गापूजा, रामनवमी, विजयदशमी जैसे त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया गया। इन सभी त्यौहारों के लिये मैं सभी पाठकों को हार्दिक बधाई देने के साथ ही उनके तथा उनके परिजनों के मंगलमय भविष्य की कामना करता हूं। पत्रिका के वर्तमान अंक में दुर्गा पूजा व विजय दशमी जैसे त्यौहारों पर आयोजित कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया गया है।

गंगावतरणम् के विगत अंक अप्रैल–जून 2019 में महाप्रबंधक (संविदा) का विस्तृत साक्षात्कार प्रकाशित किया गया। हमें पूर्ण उम्मीद है कि यह साक्षात्कार आप सभी के लिये दिन–प्रतिदिन के विभागीय कार्यों में सहायक होगा। टेंडरिंग प्रक्रिया, टेंडर के नियमों, प्रावधानों व सावधानियों के प्रति साक्षात्कार में संक्षेप में बताया गया। इसके साथ ही इसी अंक में कारपोरेशन के स्थापना दिवस 12 जुलाई के संबंध में आयोजित कार्यक्रमों का विशेष महत्व देकर प्रकाशित किया गया। कार्यक्रमों की झांकी प्रस्तुत की गयी है। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता व हर्षोल्लास प्रकट होता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों की उपलब्धियों को सचित्र प्रकाशित किया गया जिससे उनका मनोबल बढ़े।

पत्रिका के वर्तमान अंक में कारपोरेशन में आयोजित स्वंतत्रता दिवस कार्यक्रमों को विशेष स्थान दिया गया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय के स्वतंत्रता दिवस संदेश में कारपोरेशन की अब तक की उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया है। यह संदेश हम सभी के लिये मार्ग दर्शक व प्रेरक सिद्ध होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। निदेशक (कार्मिक) के प्रकाशित संदेश में विशेषकर मानव संसाधन विकास, सामजिक पर्यावरण, सर्विसेज, जनसपंर्क व राजभाषा के क्षेत्र में किये गये कार्यों को कारपोरेशन के अधिकारियों एंव कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिससे उनका मनोबल बढ़ सके।

Nelson Mandela ने ठीक ही कहा है कि– **"Education is the most powerful weapon which you can use to change the world".**

समाचार पत्र, पत्रिकायें, पुस्तकें ज्ञान का प्रमुख स्रोत होती हैं। परन्तु, चिंता का विषय है कि आधुनिक पीढ़ी इन्हें पढ़ने से दूर भाग रही है। कम्प्यूटर व इलैक्ट्रानिक साधनों तक ही सीमित होती जा रही है। अत: जरूरत इस बात की है कि हम आने वाली पीढ़ियों को पुस्तकीय ज्ञान के प्रति आकर्षित कर समाचार पत्र, पत्रिकायें, पुस्तकों के प्रति आकर्षित करने का प्रयास करें।

**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
**संपादक**

# CONTENTS


Director (P) Message . . . . . . . . . . 1
CMD Message on Hindi Diwas . . . . . . . . . . 2
Rajbhasha Kirti Puruskar . . . . . . . . . . 3
31st AGM of THDCIL . . . . . . . . . . 4
73rd Independence Day . . . . . . . . . . 6
₹1500 Cr. Bond . . . . . . . . . . 9
Seminar on New Initiatives by EPFO, New Delhi . . . . . . . 9
Swachhta Pakhwada . . . . . . . . . . 10
Quality Circle Meet . . . . . . . . . . 11
THDCIL and IIM Kashipur inks MoU . . . . . . . . . . 12
Plantation Drive . . . . . . . . . . 12
Hindi Pakhwada . . . . . . . . . . 13
New Directors Joining . . . . . . . . . . 14
New D(T) Welcomed at Tehri . . . . . . . . . . 15
Sh. Muhar Mani as New ED . . . . . . . . . . 15
Blood Donation Camp . . . . . . . . . . 16
Medical Seminar . . . . . . . . . . 16
Jal Shakti Abhiyan at KHEP . . . . . . . . . . 17
Rudrabhishek at Siddhpeeth Koteswar . . . . . . . . . . 17
Foundation Day Celebration at NCR Office . . . . . . . . . . 18
Workshop on Micro Fitness . . . . . . . . . . 18
Officers Club Program . . . . . . . . . . 19
Sports Meet 2019 . . . . . . . . . . 19
Training on Labour Law . . . . . . . . . . 20
Training for THDCIL Executives at IIM-Indore . . . . . . . . . . 20
Knowledge, Experience Sharing Programme . . . . . . . . . . 21
Self Empowerment & Leadership Development . . . . . . . 21
Relief Camp for Kanwar Pilgrims . . . . . . . . . . 22
Free Medical Camp for TES School Students . . . . . . . . . . 22
Ladies Welfare Program . . . . . . . . . . 23
Mid Day Meal at KHEP School . . . . . . . . . . 24
Vishwakarma Pooja . . . . . . . . . . 25
Article on Importance of Ringal Bamboo . . . . . . . . . . 26
Mahila Club Programmes . . . . . . . . . . 28
Dussehra Mahotsav . . . . . . . . . . 30
THDCIL Bids Farewell to Director (T) Sh. H.L. Arora . . . 32
Ms. Mansi Rawat in the Musical Show 'Star Contest' . . . 32
Retirement List


## सम्पादक मंडल


**मुख्य संरक्षक**
श्री डी.वी. सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

**संरक्षक**
श्री विजय गोयल
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
डॉ. ए.एन. त्रिपाठी
उप–महाप्रबंधक
(कार्मिक–नीति व का.स.)

**संयुक्त संपादक**
श्री कपिल देव प्रसाद दूबे
वरिष्ठ प्रबंधक (कारपोरेट संचार)

**समन्ययक**

**ऋषिकेश**
श्री जाकिर हुसैन
वरि. ज.स. अधिकारी

**कोटेश्वर**
श्री आर.डी. ममगाई
वरि. ज.स. अधिकारी

**कौशाम्बी**
श्री बी.एस. चौहान
जनसम्पर्क अधिकारी

**टिहरी**
श्री मनबीर नेगी
उप प्रबंधक (जनसम्पर्क)

**वीपीएचईपी**
श्री बी.एस. उनियाल
वरि. ज.स. अधिकारी

**ढुकवां**
श्री दिनेश वर्मा
वरि. प्रबंधक (कार्मिक)

# निदेशक (कार्मिक) की कलम से...



प्रिय साथियों,

आप सभी को नवरात्रि, दुर्गापूजा, रामनवमी, विजय दशमी व दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें।

वर्षा ऋतु समाप्ति की ओर है। शरद ऋतु का पदार्पण हो गया है। वृक्षों में पतझड़ के साथ ही नये–नये किसलय निकल रहे हैं। प्राकृतिक बदलाव के साथ ही इन त्यौहारों को भी हर्षोल्लास से मनाने का अपना अलग ही आनन्द है। अभी हाल मे ही **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, महाशिवरात्री, रक्षा बंधन, गणेश चतुर्थी, गुरूपर्व, पोंगल व मोहर्रम** जैसे महत्वूर्ण त्यौहार हम सभी ने अपनी–अपनी धार्मिक व सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर मनाया। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भी हर्षोल्लास से मनाया गया। हमारे पूर्वजों ने अनेक त्यौहारों की परिपाटी भविष्य की पीढ़ियों की खुशी व हर्षोल्लास को ध्यान में रखने के साथ ही देश की जलवायु, भौगोलिक परिस्थितियों व वातावरण के अनुसार सुनिश्चित किया था। यही कारण है कि **"विश्व में भारत को त्यौहारों के देश"** के रूप में जाना जाता है।

यह हम सभी के लिये गौरव की बात है कि हम प्राकृतिक दृष्टि से संपन्न भारत जैसे महान देश में पैदा हुये हैं। यहां 06 ऋतुयें पायी जाती हैं। शिशिर, बसंत, शरद, हेमंत, ग्रीष्म व वर्षा। ऋतुयों के अनुसार वातावरण व जलवायु मे परिवर्तन होता रहता है। यहां की धरती **"सुजलां, सुफलां, मलयज शीतलाम्, शस्य श्यामलाम्"** है। हम सभी भारतवासी ऐसी भारत माता को वंदे मातरम् कह कर वंदना करते हैं। विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जहां देश को मां के बराबर का दर्जा प्राप्त है। हम भारतवासी भारत माता की जय बोलते हैं। भारतीय संस्कृति में **"जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी"** अर्थात जननी व जन्म भूमि का स्थान स्वर्ग से भी बढ़कर है, ऐसी मान्यता है।

ऐसे स्वस्थ प्राकृतिक वातावरण से समृद्ध भारत देश में जन्में हम सभी को अपने–अपने कर्त्तव्य निर्वाह का सुअवसर प्राप्त हुआ है। **Stave Jobs** का कथन– **"Quality is much better than Quantity. One home run is much better than double"**. इसी परिप्रेक्ष्य में कारपारेट कार्मिक कल्याण–विभाग द्वारा विगत तिमाही मे आप की कारपोरेशन में Annual Quality Circle Meet 2019 का आयोजन कराया गया। इसमें कुल 10 टीमों ने भाग लिया जिसमें 04 ऋषिकेश से, 04 टिहरी से तथा 02 कोटेश्वर एचइपी से थी। स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 31 अगस्त 2019 तक आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के लिये निबंध, चित्रकला, व नारा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इससे निश्चित ही स्वच्छता के प्रति सकारात्मकता संदेश तथा भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती 2 अक्टूबर, 2019 तक **'स्वच्छ व स्वस्थ भारत'** बनाने के संकल्प को बल मिलेगा।

अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य व मनोरंजन के प्रति कॉरपोरेशन सजग है। इस दिशा में वार्षिक खेलकूद 2019 कैलेन्डर के अनुसार उनके लिए टेबल–टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन तथा टिहरी व ऋषिकेश की क्रिकेट टीमों के मध्य एक–मैत्री मैच का आयोजन किया गया। आफिसर्स क्लब द्वारा मशहूर जादूगर श्री अशोक भंडारी एवं उनकी टीम का कार्यक्रम तथा महिला मंडल द्वारा अनेक मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें हरियाली तीज व कृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्व रहा।

Dave Ulrich का कथन उल्लेखनीय है– "Talent Management is the systematic Process of creating and sustaining individual competencies that will help the business delivery strategy". टैलेंट मैनेजमेंट व विकास के लिए कॉरपोरेशन में इस दौरान मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा अनेक प्रशिक्षण कराये गये। इनमें से कुछेक की चर्चा करना आवश्यक समझता हूं। E-3 to E-5 के लिए Certification Course for Psychometric Assessors Training, Executives & Non Executives के लिए Training on Work Life Balance & Leadership, Development- as an initiative for Women Employees, ई–6 के लिए Strategic Leadership & Change management, Women Development Program for work life balance through Video Conferencing- as an initiative for Women Employees, E-4/E-5 के लिए MDP in Project Management, IIM Indore esa] Executives & Non Excutives के लिए Self Empowerment & Leadership Development for Women Employees- as an initiative for Women Employees, (E-8) के लिए Leadership Development Program 'BIMTECT, NOIDA' में तथा E-3 to E-5 के लिए Knowledge Sharing Program उल्लेखनीय है। इन प्रशिक्षणों से प्रतिभागियों की प्रतिभा को निखारने में निश्चित ही मदद मिलेगी।

राजभाषा के प्रचार–प्रसार की दिशा में आप की कारपोरेशन का विशेष योगदान है। इसी बात को ध्यान में रखकर ही टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को हिंदी दिवस 14 सितंबर के सुअवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में **'राजभाषा कीर्ति सम्मान–2018–19'** से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने माननीय गृह मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह से प्राप्त किया। यह हम सबके लिये बड़े ही गर्व की बात है। हमारा प्रयास है कि भविष्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो तथा राजभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने में अपना योगदान दे सकें।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री **Winston Churchil** ने ठीक ही कहा था– **"Success is not final, failure is not fatal: it is the courage to continue that counts"**. अतः हमें अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुये हर क्षेत्र में सदैव उत्कृष्ट प्रयास करना है।

भवदीय

**विजय गोयल**



हिंदी दिवस पर

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अपील

**टीएचडीसी परिवार के मेरे प्रिय साथियो,**

**हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं!**

14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया, इसी महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष 1953 से 14 सितंबर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन के किसी भी क्षेत्र की उन्नति एवं प्रगति में भाषा की अहम भूमिका होती है। भाषा न केवल संवाद की, अपितु संस्कृति एवं संस्कारों की संवाहिका भी है। वैचारिक आदान–प्रदान, व्यवहार, व्यापार आदि का सुगम माध्यम अपनी भाषा ही होती है।

यह अत्यधिक प्रसन्नता का विषय है कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में राजभाषा हिंदी में कार्य की गति दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है। निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के सहयोग से हिंदी पत्राचार के साथ–साथ हिंदी में टिप्पणी लेखन के प्रतिशत में भी वृद्धि हो रही है।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की स्थापना से ही निगम का एकमात्र लक्ष्य जल विद्युत क्षेत्र में कार्य करना था। परन्तु बीतते समय के साथ भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रतिपादन को देखते हुए निगम ऊर्जा उत्पादन के अन्य क्षेत्रों जैसे पवन ऊर्जा, ताप ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा के उत्पादन में योगदान देकर विविधीकरण की ओर अग्रसर है। जिसके साथ निगम उत्तराखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों में भी अपनी परियोजनाओं पर कार्य करने के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है।

संघ के राजभाषा प्रयोजन के लिए जारी किए गए राजभाषा नियम,1976 में पूरे देश का वर्गीकरण 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में किया गया है। इन अलग–अलग क्षेत्रों में स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के परियोजना कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है, जिसे कारपोरेट कार्यालय के द्वारा निगम की सभी यूनिटों एवं कार्यालयों में परिचालित किया जाता है। इस वार्षिक लक्ष्य में 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार एवं टिप्पणी लेखन के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रतिशत के साथ–साथ पूरे वर्ष के राजभाषा हिंदी के लक्ष्य तय किए जाते हैं। इन लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सभी यूनिटों/कार्यालय प्रमुखों के द्वारा राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

आइए, हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर संकल्प लें कि हम सभी अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगे।

**जय हिंद!**

**दिनांक : 14 सितंबर, 2019**

डी.वी. सिंह
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)

## टीएचडीसीआईएल को

# राजभाषा कीर्ति पुरस्कार



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को वर्ष 2018–19 के दौरान राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए **"राजभाषा कीर्ति पुरस्कारों"** की सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी के अंतर्गत "क" क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विज्ञान भवन, नई दिल्ली में हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, 2019 को आयोजित एक भव्य समारोह में भारत के माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री डी.वी.सिंह ने प्राप्त किया।

समारोह में श्री नित्यानंद राय व श्री जी. किशन रेड्डी माननीय केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री, सुश्री अनुराधा मित्रा, सचिव (राजभाषा) एवं श्री जय प्रकाश अग्रवाल, संयुक्त सचिव (राजभाषा) के साथ ही अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने मंच की शोभा बढ़ाई। समारोह में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों व सरकारी कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने भाग लिया। टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री डी.वी. सिंह, निदेशक (कार्मिक), श्री विजय गोयल, महाप्रबंधक, श्री आर.एन.सिंह, वरि. प्रबंधक (हिंदी), श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव इस सुअवसर पर उपस्थित रहे।

# 31ST ANNUAL GENERAL MEETING OF THE THDC INDIA LIMITED



31st Annual General Meeting of THDC INDIA LIMITED was held on September 27, 2019 at 6:00 P.M. at New Delhi. The meeting was attended by Shri Sunil Gautam, Director (Hydro), MoP as a representative of the President of India and Shri T.C Sharma Chief Engineer (Ganga) as Representative of Governor UP apart from Directors and Auditors.

At the outset the Chairman welcomed the members to the 31st Annual General Meeting.

Following business was transacted at AGM with the permission of Share holders:

- **Approval of Annual Report for the year ended March 31, 2019** Annual Report of the company including Financial Statements for the Year 2018-19 together with Statutory Auditor's Report and Comments of C&AG were adopted and approved.
- **Remuneration of Statutory Auditors for the Financial Year 2018-19.**
- **Payment of Final Dividend for the year 2018-19.**
- **Remuneration of Cost Auditor for the F.Y. 2019-20**
- **Issue Secured, Non-Convertible, Non-Cumulative Bonds on Private Placement Basis**

The Chairman informed the members that the operational plants of the Company, i.e. 1000MW Tehri HPP, 400 MW Koteshwar HEP, 50 MW Patan

Wind Power Plant and 63 MW Devbhumi Dwarka Wind Power Plant continued to perform well. The plants generated 4687 MU against the target of 4590 MU. This is more than 11% increase over their combined designed energy. Operational Efficiency of over 84.521% and 68.028 % was achieved for Tehri HPP and Koteshwar HEP respectively which is well over the informative figures. On the other hand, operational efficiency of 24.73% and 33.25% was achieved against capacity utilization factor (CUF) of 25.22% and 26.27% for Patan and Dwarka Wind Power Plants respectively.

Further,the progress on works of two on-going projects, namely; 444 MW Vishnugad Pipalkoti HEP and 1000 MW Tehri PSP got impacted mainly due to cash crunch with the contractor M/s HCC Ltd and intermittent hindrances by locals. Another on-going project, 24 MW Dhukwan SHP in Distt Jhansi, Uttar Pradesh, is in advance stage of commissioning. Civil works and Hydro-Mechanical works have been completed to the tune of 99% & 99% respectively, while Electro-Mech works are completed around 95% of contract value. DPR of 200 MW Bokang Bailing HEP is in advance stage of preparation and would be completed by June 20.

1320 MW Super Thermal Power Project and Amelia Coal Mine Project have been granted by Govt. of India in March-2019 amounting to ₹11089.42 Cr. and ₹1587.16 Cr. respectively. Foundation Stone of the Project was also laid by Hon'ble Prime Minister of India on 9th March-2019.

Further, the main works of 1320 MW Khurja STPP, out of 07 packages, work of "Steam Generator (SG) and associated packages" has been awarded to M/s L&T-MHPS Boilers Pvt. Ltd on 29th Aug, 19 for an amount of INR 4087 Cr. The bids of "Turbine Generator (TG) and associated packages" for INR 1815 Cr. are in advance stage of award to M/s BHEL. MoU for shifting of 03 nos HT transmission lines passing in the periphery of Amelia Coal Mine has been signed with Power Grid for extraction of coal in planned manner. The agreement of Railway siding at khurja has been signed with Rites llimited for transportation of coal from Singrauli to Khurja project.

Chairman has further informed that the company has registered turnover of ₹2767.96 Cr. and PAT of ₹1251.60 Cr. during the FY 2018-19. MOU rating for this year is expected to be 'Very Good'.

This year, Company has celebrated CSR Day on 9th May-19. On this occasion, a book namely "Ten years of enlightening lives" was also released on THDCIL's CSR works done during last 10 years. The 10th Sustainability Report has been published based on the guidelines issued by the Ministry of Corporate Affairs, GoI and is placed on website of the Company.

Chairman informed that since inception, the Company has always achieved 'Excellent' rating for compliance of DPE guidelines on Corporate Governance. Company has taken various initiatives by way of Corporate Social Responsibility and Sustainability. Company has earmarked the budget of 2% of Average PAT of three years for CSR activities. The Company has a firm believe that the Business activities and CSR activities should be performed with commitment to environment, ecology and social values.

Speaking on future outlook, the Chairman informed that Ministry of New & Renewable Energy(MNRE), GoI has allocated the State of Uttar Pradesh to THDCIL for the development of Ultra Mega Power Projects under the existing Solar Park Scheme through JV Company between THDCIL and UPNEDA. JV Company shall be responsible for developing and maintaining the solar park.



अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक श्री डी.वी. सिंह राष्ट्रध्वज फहराते हुए

# हर्षोल्लास से मनाया

**15 अगस्त को कारपोरेशन के कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश व परियोजनाओं में टिहरी, कोटेश्वर, वीपीएचईपी, ढुकवां एसएचपी सहित व कौशाम्बी स्थित एनसीआर कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ 73वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। परियोजनाओं व कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा राष्ट्रध्वज फहराने के साथ ही अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह का स्वतंत्रता दिवस संदेश जन समूह के समक्ष पढ़ा गया।**

## ऋषिकेश

कार्यक्रम का शुभारंभ रसमंजरी प्रागंण में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह ने राष्ट्रध्वज फहरा कर किया। इस दौरान टी.ई.एस. हाईस्कूल, ऋषिकेश के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत श्री डी.वी. सिंह ने समारोह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में श्री सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व, कॉरपोरेशन की उपलब्धियों व भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी. गुप्ता, कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. विश्नोई, श्री एच.एल.भारज, अपर महाप्रबन्धक (कार्मिक व प्रशासन) श्री एन.के. प्रसाद, उप महाप्रबन्धक डॉ. ए.एन. तिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर टी.ई.एस (TES) हाईस्कूल के बच्चों व हरमिन्दर सिंह द ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसने समारोह को अत्यधिक मनोरंजक बना दिया। मिष्ठान वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

ऋषिकेश में स्वतंत्रता दिवस की एक झलक



# गया 73वां स्वतंत्रता दिवस

## टिहरी




टिहरी परियोजना कार्यालय परिसर में निदेशक (तकनीकी) राष्ट्रध्वज फहराकर परेड की सलामी लेते हुए

स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तत्कालीन निदेशक तकनीकी श्री एच.एल. अरोड़ा द्वारा राष्ट्रध्वज फहरा कर किया गया। श्री अरोड़ा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा दी जानी वाली परेड का निरीक्षण किया एवं मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने सम्बोधन में उन्होंने उपस्थित टीएचडीसीआईएल के कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों, सी.आई.एस.एफ. के जवानों, स्कूली छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित सभी लोगों को 73वें स्वतन्त्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा मनमोहक रंगा–रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं साथ ही वर्ष 2018–19 में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 10 में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।





# विष्णुगाड पीपलकोटी एचईपी



वीपीएचईपी में महाप्रबन्धक (परियोजना) श्री यू.के. सक्सेना ने राष्ट्रध्वज फहराया तथा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुये अमर शहीदों को नमन करते हुये स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।



वीपीएचईपी में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# कोटेश्वर एचईपी

श्री पी. के. अग्रवाल म.प्र. (परि.) केएचईपी में ध्वजारोहण करते हुए तथा ऑगकारा नन्द सरस्वती पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति





# एनसीआर कार्यालय कौशाम्बी





महा प्रबंधक श्री यू.सी. कनौजिया कौशाम्बी कार्यालय में राष्ट्रध्वज फहराते हुए तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा जारी स्वतंत्रता दिवस संदेश जन समूह के समक्ष पढ़ते हुए



महा प्रबंधक श्री यू.सी. कनौजिया व महा प्रबंधक श्री आर.एन. सिंह स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए

# THDCIL issued Bond of Rs. 1500 Crore and received Bids for Rs.3215 Cr



*D (F), Sh. J.Behera with Company Secy. Ms. Rashmi Sharma*

THDC India Limited (THDCIL) has issued corporate bonds series -II of 1500 Cr with base issue size of Rs 500 Cr. and Green Shoe option of Rs 1000 Cr. The bidding for the above issue was done on 5th Sept 2019 at THDCIL's Lodhi Road Office in presence of Shri J. Behera, D (F) and Rashmi Sharma, Company Secy. The coupon rate discovered is 8.75 % for Rs 1500 Cr. through BSE EBP Platform with Credit rating of AA+ and AA Stable. The bidding was a grand success with subscription of more than 6 times of base issue size . The company received Bids for Rs 3215 Cr. from various investors and arrangers against issue size of Rs 1500 Cr. These corporate bonds has tenor of 10 years and the bond proceeds shall be used to partly meet debt requirements of ongoing projects under construction including recoupement of expenditure already incurred and to refinance existing loans.

Shri DV Singh, CMD THDCIL expressed his satisfaction that THDCIL received excellent response from various investor class in time slot of one and a half hours and the issue was oversubscribed. He also said that this shows the confidence of the Investors on the Company's Performance and Growth Prospects.

# Seminar on New Initiatives by EPFO, New Delhi



*Sh. Sunil Barthwal, IAS, CPFC (EPFO), Sh. J. Behera, D(F), THDCIL & officials in Seminar*

Shri Sunil Barthwal, IAS presently the Central Provident Fund Commissioner, EPFO, New Delhi visited THDC India Ltd on 04.10.2019 for a Seminar/ Talk / Interaction on the "New Initiatives of EPFO". Shri J. Behera, Director (F) welcomed Shri Barthwal with the flower bouquet and shared his views about purpose of the program. The CPFC, EPFO, New Delhi was accompanied by a team of official from EPFO , Dehradun comprising of Shri Manoj Kumar Yadav, Regional Provident Fund Commissioner and others. The Program was attended by Senior Officials. On the occasion, Shri K.K. Singhal, AGM (MPS) presented a brief presentation about THDCIL Thereafter Shri Barthwal interacted with the officials and delivered a lecture about the New Initiatives by EPFO. He also provided a brief about the on-going works being carried out by EFPO. E-KYC, higher wages, digitalisation of PF services, online services for exempted trust were key issues discussed during the interaction.

# श्रमदान के साथ मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 16 से 31 अगस्त, 2019 तक टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश व परियोजनाओं में टिहरी, कोटेश्वर, वीपीएचईपी, ढूकवाँ कार्यालयों में स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया गया जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है:–**

## ऋषिकेश



कार्यपालक निदेशक श्री एच.एल. भारज स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेते हुए

कॉरपोरेट कार्यालय परिसर के चारों ओर सामाजिक, पर्यावरण तथा सेवाऐं विभाग द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ करते हुए अधिशासी निदेशक श्री एच.एल. भारज ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता से राष्ट्र एवं व्यक्तिगत हित में होने वाले लाभों के बारे में बताया तथा सभी से आह्वान किया कि सभी भारतीय नागरिक अपने–अपने घरों, गली–मोहल्लों को स्वच्छ रखें। इस दौरान, कार्यालय परिसर से एकत्रित प्लास्टिक, कॉच, कूड़ा आदि का यथोचित निस्तारण किया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह के संदेश से भी सभी को अवगत करवाया गया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यालय, निवास एवं आस–पास के स्थानों को स्वच्छ रखने का प्रयास करें व राष्ट्रहित में स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक, (सामाजिक एवं पर्यावरण) श्री शैलेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक (सेवाऐं) श्री संजय अग्रवाल, अ.म.प्र. श्री पी.के. नैथानी एवं बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## टिहरी

स्वच्छता पखवाडे के दौरान टिहरी परियोजना कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाना, पैम्पलेट्स, अपील का वितरण, विशेष कूड़ा वाहन द्वारा जैविक एवं अजैविक कूड़े का एकत्र किया गया। कार्यालय परिसरों में कार्मिकों द्वारा श्रमदान कर सफाई कार्य, पास के गांव बागी में स्वच्छता जागरुकता एवं सफाई श्रमदान किया गया। स्वच्छता जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों हेतु चित्रकला एवं नारा प्रतियोगिता, टीएचडीसीआईएल कार्मिकों हेतु नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, टीएचडीसी कॉलोनी




कार्यपालक निदेशक श्री वी.के. बडोनी स्वच्छता जागरूकता शपथ दिलाते हुए

परिक्षेत्र भागीरथीपुरम् एवं कोटी कॉलोनी एवं आस–पास के क्षेत्रो में स्वच्छता से संबंधित वॉल पेन्टिंग आयोजित की गई। 31 अगस्त, 2019 को अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी. के. बडोनी एवं अपर महाप्रबंधक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह के नेतृत्व में कार्मिकों द्वारा श्रमदान कर बहुउद्देशीय भवन चिल्ड्रन पार्क में झाड़ी कटान एवं सफाई की गई।



श्री वीर सिंह, अपर महाप्रबंधक (प्रशा.) टिहरी में झाड़ी कटान व सफाई करते हुए




कोटेश्वर एचईपी में स्कूल के बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली

## कोटेश्वर एचईपी

कोटेश्वर एचईपी में स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ श्री पी. के. अग्रवाल महाप्रबंधक (परियोजना) ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर किया। 16 से 31 अगस्त 2019 तक स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता फैलाने हेतु परियोजना क्षेत्र मे विभिन्न स्थानों के साथ–साथ क्षेत्र में स्थित दुकानों के आस–पास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# क्वालिटी सर्कल मीट




13 सितबर को वार्षिक क्वालिटी सर्कल मीट का आयोजन ऋषिकेश में किया गया जिसमें टिहरी, कोटेश्वर, व ऋषिकेश यूनिट की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। मीट में ऋषिकेश की टीम **'पुनर्नवा'** ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं टिहरी से टीम **'जलतरंग'** ने द्वितीय और कोटेश्वर की टीम **'चेतना'** को तीसरा स्थान मिला और वहीं टिहरी की टीम **'संजीवनी'** और कोटेश्वर की **'जल शक्ति'** को सांत्वना पुरस्कार से नवाज़ा गया। सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा अपने केस स्टडी का प्रेज़ेंटेशन दिया गया जिसके मूल्यांकन हेतु ज्यूरी रूप में श्री जी.एस. चौधरी, महाप्रबंधक, श्री टी.एस. रौतेला, अपर महाप्रबंधक, श्री जे.के. कौशिक, अध्यक्ष, क्वालिटी सर्कल फेडरेशन ओफ इंडिया शामिल थे। श्री ऐ.के. पोरवाल, महाप्रबंधक द्वारा सभी विजयी टीमों को पुरस्कृत किया गया।

# THDCIL and IIM Kashipur inks MoU



Corporate HRD Centre, Rishikesh has been conceived as a Centre of Excellence in Learning and Developmental activities and has a focus on fostering a successful system to maximize the potential of Human Resources as part of larger business strategies.

As such, with a view to strengthen the ties with premier Institutions in the vicinity, THDCIL has signed a Memorandum of Understanding (MoU) with IIM Kashipur to ensure enhancing the Capacity Building initiatives for THDCIL Executives through a structured two year MBA – WX (Working Executives) program. The MoU was inked on 9th July '2019. Shri Vijay Goel, Director (Pers.), Prof. (Dr.) Kulbhushan Balooni, Director IIM-Kashipur, Prof. (Dr.) R.K. Padhy, Asstt, Dean IIM-Kashipur, Dehradun Campus, Shri S.K. Sharma, Dy. GM(HRD) and Sh. A.K. Vishwakarma, Manager (HRD) were present on the occasion.

# ऋषिकेश में वृक्षारोपण





तत्कालीन कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. विश्नोई, कार्यपालक निदेशक श्री एच.एल. भारज व महाप्रबंधक (सामाजिक एवं पर्यावरण) श्री शैलेंद्र सिंह अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ऋषिकेश कार्यालय परिसर में पौधा रोपण करते हुए

सेवा टीएचडीसी द्वारा कॉरपोरेशन के 32वें स्थापना दिवस पर 3000 फलदार तथा छायादार पौध रोपण का लक्ष्य रखा गया था। इसी क्रम में 900 पौध टिहरी, 1000 पौध कोटेश्वर तथा 1100 पौध ऋषिकेश कार्यालय परिसरों में कर्मचारियों, अधिकारियो तथा ग्रामीणों के द्वारा पौधारोपण किया गया। 17.07.2019 को ऋषिकेश में तत्कालीन अधिशासी निदेशक श्री राजीव विश्नोई, अधिशासी निदेशक श्री एच.एल. भारज, श्री शैलेन्द्र सिंह महाप्रबंधक (सा. एवं पर्या.) श्री संजय अग्रवाल महाप्रबन्धक (सर्विसेज), द्वारा पीपल, बरगद, आंवला तथा नीम आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर श्री पी. के. नैथानी, अपर महाप्रबन्धक (सामाजिक) तथा डा. डी. एल. भट्ट, उप महाप्रबन्धक (पर्या.) तथा समाजिक एवं पर्यावरण विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भी वृक्षारोपण कार्य में प्रतिभाग किया गया।

# हिंदी पखवाड़ा



**टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सभी परियोजना कार्यालयों, यूनिटों में 16 से 30 सितम्बर, 2019 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान, प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबंध, नोटिंग–ड्राफ्टिंग, हिंदी टंकण, हिंदी सुलेख, अनुवाद, वाद–विवाद एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगितायें आयोजित की गयी। सभी परियोजना प्रमुखों ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की हिंदी दिवस के अवसर पर जारी की गई अपील पढ़कर सुनाई।**

## ऋषिकेश



कारपोरेट कार्यालय में 03 से 27 सितंबर, 2019 तक हिंदी माह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान, कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें हिंदी निबंध प्रतियोगिता में श्री नरेश कुमार गुप्ता उप प्रबंधक, नोटिंग ड्राफ्टिंग में श्री धर्मेन्द्र सिंह भाटी वरि. विधि अधिकारी, नाटक लेखन में श्री आशुतोष कुमार आनंद प्रबंधक, अनुवाद में श्री दिलीप कुमार द्विवेदी प्रबंधक, शब्द ज्ञान में श्री विनय कुमार जैन उप महाप्रबंधक प्रथम रहे। वहीं हिंदी ई–मेल प्रतियोगिता में श्री पंकज विश्वकर्मा, उप प्रबंधक एवं श्रीमती शीला देवी, वरि. आशुलिपिक प्रथम रहे। श्रुतलेखन में श्री जितेन्द्र जोशी, स्वरचित काव्य पाठ में श्री मनोहर लाल डोभाल, वरि. कार्य. सचिव, प्रथम रहे। हिंदी अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में समूह 'ड' प्रथम रहा जिसमें श्री नरेश कुमार गुप्ता, श्री राकेश सिंह पंवार, श्री देवीलाल वर्मा, श्रीमती अमिता रस्तोगी, श्री रामपाल सिंह पडियार एवं श्री जी. पी. नौटियाल शामिल थे।

इनके साथ ही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले विभागाध्यक्षों की श्रेणी में श्री ए.बी. गोयल, महाप्रबंधक (वित्त–बजट), सर्वाधिक डिक्टेशन की श्रेणी में श्री यू.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक (औद्यो. अभि.), मूल रूप से टिप्पणी लेखन में श्री शिवराज चौहान, वरि. प्रबंधक एवं श्री सचिन मित्तल, कारपोरेट नियोजन प्रथम रहे। समारोह में वित्त बजट एवं ऑडिट विभाग को अंतर विभागीय चल राजभाषा ट्राफी तथा परिकल्प–सिविल विभाग को उत्तरोत्तर प्रगतिगामी चल राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। 27 सितंबर को हिंदी माह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

## टिहरी

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (टीसी), श्री वी. के. बडोनी, महाप्रबंधक (पीएसपी), श्री के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (स्टेज–1), श्री यू. के. ठाकुर, अपर महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.) श्री वीर सिंह, उप प्रबंधक (हिंदी), श्री इन्द्र राम नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (टीसी), श्री वी.के. बडोनी ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़ा आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने की आदत डालना है।




## कोटेश्वर

कोटेश्वर। परियोजना में हिंदी पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ आयोजन किया गया।



## पीपलकोटी

पीपलकोटी परियोजना कार्यालय में भी 14 से 28 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबंधक (परियोजना) श्री यू.के. सक्सेना द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## SH. J. Behera is our New Director (Finance)



Sh. J. Behera assumed the charge of Director (Finance) of THDC India Limited (THDCIL) on 16.08.2019. He has vast experience of about 29 years in the field of Fiscal Management in Hydro Sector. Sh. Behera joined THDCIL as Asst. Account Officer in 1990. Over these years he has rendered his valuable services under various capacities in the Corporation. Prior to assuming the charge of Director(Finance) on 16.08.2019. Sh. Behera was the Chief Finance Officer(CFO) & General Manager(Finance) in THDCIL. Sh. Behera is B.Com.(Hons.) and holds degree in Cost and Management in Accounting.

तुलसी जसि भवतब्यता तैसी मिलइ सहाइ!
आपुनु आवइ ताहि पहिं ताहि तहाँ लै जाइ!!

—रामचरित मानस

अर्थ:

गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं — जैसी भवितव्यता (होनहार) होती है, वैसी ही सहायता मिल जाती है। या तो वह आप ही उसके पास आती है या उसको वहाँ ले जाती है।

## Sh. R. K. Vishnoi is our New Director (Technical)



Sh. R. K. Vishnoi assumed the charge as Director (Technical) of THDC India Ltd on 01.09.2019. Sh. Vishnoi is a Hons. Graduate in Civil Engineering from BITS Pilani and has around 33 years of vast experience in Design, Engineering and Construction of hydro project structures. He joined THDC in year 1989 at the level of Engineer and worked in different capacities to rise to the current position of Director(Technical). He has also undergone Advance Management Programme in Leading Strategic Change from ASCII Hyderbad in association with SDA Bacconi School of Management, Italy and Professional Up-gradation programme in Design and Construction of Hydraulic Structures and Hydropower Constructions from State University of Moscow. He also holds MBA from Manipal University.

जे न मित्र दुःख होहिं दुखारी।
तिन्हहि बिलोकत पातक भारी॥
निज दुःख गिरि सम रज करि जाना।
मित्रक दुःख रज मेरु समाना॥

—रामचरित मानस

अर्थ:– जो लोग मित्र के दुःख से दुःखी नहीं होते, उन्हें देखने से ही बड़ा पाप लगता है। अपने पर्वत के समान दुःख को धूल के समान और मित्र के धूल के समान दुःख को सुमेरु (बड़े भारी पर्वत) के समान जाने।

# निदेशक (तकनीकी) का टिहरी में भ्रमण



श्री आर.के विश्नोई निदेशक (तकनीकी) का स्वागत करते कार्यपालक निदेशक (टीसी) श्री वी.के. बडोनी

11.09.2019 को नवनियुक्त निदेशक (तकनीकी) श्री आर. के. विश्नोई ने टिहरी परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। सी.आई.एस.एफ. के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी द्वारा शॉल भेंट कर एवं महाप्रबंधक महोदयों द्वारा पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (पी.एस.पी.) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबन्धक स्टेज प्रथम श्री यू.के. ठाकुर, महाप्रबधक (पी.एस.पी.–ई.एम.) श्री एस.एस. पवार, अपर महाप्रबन्धक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह एवं यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

श्री विश्नोई ने सभी यूनियन, एसोसिएशन तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से टिहरी एच.पी.पी. से 1000 मेगावाट एवं कोटेश्वर एचईपी से 400 मेगावाट तथा 113 मेगावाट गुजरात की पवन ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली का उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने टिहरी पी.एस.पी. के विभिन्न कार्यस्थलों का भी निरीक्षण किया एवं कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। पी.एस.पी. के कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील किया।

# Sh. Muhar Mani is our New ED (OMS, QA & Safety/ MPS/ CP)



Sh. Muhar Mani, G.M. (OMS, QA & Safety) has taken over the charge of Executive Director (OMS, QA & Safety/CP/MPS) following his promotion w.e.f 03.09.19. Sh. Mani is B. Tech (Electrical) of 1982 batch from HBTI Kanpur. He joined THDCIL in April 1991 as Dy. Mgr. and has served the Company in various capacities. His major role has been in Design & Engg., Erection & Commissioning and Operation & Maintenance of prestigious Tehri HPP, and serving to the Project as GM (Tehri Stage-1). During his association with the Company, Sh. Mani has also successfully accomplished Company's assignments at overseas which includes the successful completion of complicated model testing of Tehri Turbine at Turboatom, Kharkov (Ukraine). He currently holds the charge of Operation & Maintenance Service, Quality Assurance & Safety, Corporate Planning and Monitoring & Project Services Departments at Corporate Office, Rishikesh and looks after the affairs of Corporate Planning and all operational & under construction Projects of Company.

# टिहरी में रक्तदान शिविर




रक्तदान शिविर का शुभारंभ

टिहरी में 05.07.2019 को AIIMS ऋषिकेश के सहयोग से टीएचडीसीआईएल चिकित्सालय, भागीरथीपुरम में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ महा प्रबंधक ओ. एंड एम. श्री संजीव आर., महा प्रबंधक (स्टेज प्रथम), श्री यू. के. ठाकुर, महा प्रबंधक (पी.एस.पी. / ई.एम.) श्री एस.एस. पंवार अपर महा प्रबंधक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमें टीएचडीसीआईएल के कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्य, सी.आई.एस.एफ. के जवान तथा आस–पास के ग्रामीण सम्मिलित थे।

डॉ. प्रमोद कुमार ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर टीएचडीसी चिकित्सालय के सभी पैरा मेडिकल स्टाफ एवं अन्य कार्मिकों द्वारा रक्तदान शिविर में सहयोग प्रदान किया गया।




रक्तदान की एक झलक

# मेडिकल सेमिनार एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

टिहरी परियोजना कार्यालय में 06.09.2019 को मैक्स चिकित्सालय देहरादून के सहयोग से एक मेडिकल सेमिनार अतिथिगृह सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मैक्स चिकित्सालय के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन (ब्रिगेडियर) डॉ. श्री एच. सी. पाठक (वी.एस.एम.) द्वारा ब्रेन ट्यूमर पर व्याख्यान दिया गया। साथ ही वरिष्ठ गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. रविकान्त गुप्ता द्वारा Digestive Health Awareness पर व्याख्यान दिया गया।






07.09.2019 को टिहरी चिकित्सालय, भागीरथीपुरम में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में मैक्स हॉस्पिटल देहरादून से आए न्यूरो सर्जन एवं गैस्ट्रो फिजिशियन द्वारा 144 रोगियों जिसमें टीएचडीसीआईएल के कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों, सी.आई.एस.एफ. के जवानों तथा आस–पास के क्षेत्रों से आए रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा केएचईपी में जल शक्ति अभियान



कोटेश्वर परियोजना में केऔसुब इकाई द्वारा श्री पी. के. अग्रवाल, महाप्रबन्धक, परियोजना एवं श्री जे.पी. गोस्वामी, सहायक कमाण्डेन्ट, केऔसुब की दिशा निर्देशन में जल शक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान परियोजना क्षेत्र के राजकीय इन्टर कालेज पोखरी, राजकीय इन्टर कालेज चाका एवं ओमकारानन्द सरस्वती जुनियर हाई स्कूल में विभिन्न जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम जैसे जल संरक्षण कार्यशाला, पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही निकट गांव में क्षतिग्रस्त चैक डैमों की मरम्मत, वन रोपण, बरसाती जल संरक्षण, टैंकों की मरम्मत करवायी गयी। इसके अतिरिक्त, जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के बल सदस्यों, उनके परिवारों एवं प्रबन्धन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भरपूर उत्साह दिखाते हुए बढ चढकर हिस्सा लिया। उपरोक्त सभी सहभागियों ने दिनांक 05 अगस्त 2019 को वृहद स्तर पर पौधा रोपण करते हुए जल शक्ति अभियान के महत्व को समझ कर जल संरक्षण के लिए जल संचय प्रतिज्ञा ली।



# सिद्धपीठ कोटेश्वर महादेव में रूद्राभिषेक एवं तीन दिवसीय भंडारा

सिद्धपीठ कोटेश्वर महादेव मंदिर में कोटेश्वर परियोजना परिवार द्वारा 29 से 31 जूलाई 2019 तक टीएचडीसी की परियोजनाओं की समृद्धि एवं खुशहाली तथा परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों के सपरिवार प्रगति एवं मंगल कामना हेतु संयुक्त रूप से तीन दिवसीय महामृत्युंजय जप, रूद्री पाठ, रूद्राभिषेक एवं रात्रि जागरण के पश्चात भक्तों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया।



श्री पी. के. अग्रवाल महाप्रबन्धक (परियोजना) ने सपरिवार शिव भक्तों के साथ पूजा कार्यक्रम एवं भण्डारे का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय भण्डारे में क्षेत्र के समस्त शिवभक्तों के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से आये कांवड़ियों ने भण्डारे में भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया।

# एनसीआर कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम





एनसीआर, कौशाबी के महाप्रबंधक श्री यू.सी. कन्नौजिया के नेतृत्व में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने कार्यालय के आस–पास दिनांक 30.08.2019 को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर श्री प्रवीण सक्सेना, श्री मनोज सरदाना, श्री संजय सिंघल, श्री एस.एम. सिद्दीकी, श्री डी.वी. शर्मा, श्री अजय मित्तल, श्रीमती विशालाक्षी, श्रीमती निर्मल अरोड़ा, श्रीमती सुनीता टम्टा, आदि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर प्रतिभाग कर वृक्षारोपण किया।

# कार्य स्थल पर माईक्रो फिटनेस के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला



कोटेश्वर एचईपी में 29 एवं 30 अगस्त 2019 को कर्मचारियों के लिए माईक्रो फिटनेस के साथ तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ श्री डी. मणी, कार्यपालक निदेशक द्वारा किया गया। श्री राकेश कुमार, वरिष्ठ कंसलटेन्ट एवं कारपोरेट मोटिवेटर एवं वैलनेस कोच तथा निदेशक रिफाईनमेन्ट वैलनेस, प्रा. लि., नई दिल्ली द्वारा प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर कार्य के दौरान तनाव रहित रह कर विभिन्न चुनौतियों के साथ अपने कार्य को गति प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकार के तरीके बताये गये जिससे अल्प समय की फिटनेस कियाकलापों के साथ कार्य को और भी रूचिपूर्ण बनाया जा सकता है। कार्यशाला के समापन अवसर पर श्री बी.के. सिन्हा, उप महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यशाला के दौरान जो भी तरीके संकाय प्रतिनिधियों द्वारा बताये गये उनको ध्यान में रखते हुए अपने–अपने कार्यों को अंजाम देंगे तो निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा एवं आपको अपना कार्य रूचिपूर्ण महसूस होगा।

# ऑफ़िसर्स क्लब द्वारा मैजिक शो का आयोजन




ऑफ़िसर्स क्लब द्वारा दिनांक 28.08.2019 को रसमंजरी हाल में **"आबरा का डाबरा"** नामक एक मैजिक शो का आयोजन किया गया। भारत के नामचीन जादूगर श्री अशोक भंडारी एवं उनकी टीम ने अपने विभिन्न तरह के जादू का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर पूर्व निदेशक तकनिकी



अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक तथा निदेशक मंडल द्वारा श्री एच.एल. अरोड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

श्री एच.एल. अरोड़ा को ऑफिसर्स क्लब द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत कारपोरेशन की सेवा से सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गयी।

## Sports Meet - 2019

Table Tennis matches were organised for the spouses of employees of THDCIL on 26.08.19 at THDC officers Club, Rishikesh. The participants were very Enthusiastic to play and appreciated the efforts made by the organisation.







Football match for the employees conducted on 25.09.2009 by Corporate Welfare Department at open Theater Ground.

# श्रम कानून पर जागरूकता कार्यक्रम




कार्मिक विभाग के आई.आर. अनुभाग द्वारा 19.07.2019 को संविदा श्रमिक (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 एवं अन्य संबंधित श्रम कानूनों के अनुसरण पर संविदा श्रमिकों, संविदाकारों, इंजीनियर इंचार्ज एवं ठेकेदारों के साइट इंचार्ज तथा ऋषिकेश कार्मिक विभाग के अधिकारियों हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री एच. एल. भारज, अधिशासी निदेशक एवं श्री संजय अग्रवाल महाप्रबंधक (सेवाएँ) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में श्री क्षितिज शर्मा, सहायक श्रम आयुक्त (केंद्रीय) एवं डॉक्टर नीरज मोहन, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित थे। श्री क्षितिज द्वारा श्रमिक विनियम एवं उन्मूलन, अधिनियम, 1970 के बारे में विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

# MDP on Project Management for THDCIL Executive at IIM-Indore

With a view to equip our Executives with the latest techniques in Project Management and also to accomplish MoU (2019-20) Mandate of imparting at least 01 week of training to 10% of THDCIL Executives at Centre of Excellence like IIT's/IIM's etc. under Talent Management and Career progression programs, 20 Executives (E4/ E5 level) across locations/ functions were sponsored for a one week customized MDP on Project Management at IIM-Indore during 17-21 Jun.' 2019. Prof. Hanshmukh Gajjar and Prof. Bhavin Shah, Faculty IIM-Indore were the Program Directors. Shri S.K. Sharma, Dy. GM (HRD) witnessed the Inaugural Ceremony of the Program at IIM-Indore Campus on 17th June '2019.



# Knowledge, Experience Sharing Programme



*A group photograph of Knowledge / Experience Sharing program at HRD Centre, Rishikesh*

Our Key officials possess Wealth of Experience and Knowledge which is one of the precious treasure of the organisation. For fostering the culture of Learning & Development at Workplace, a Knowledge Sharing Program was organised from 18th to 20th Septmber,2019 at Sustainable livelihood and Community Development Centre, Aam Bag, Rishikesh. Ten Key functionaries namely Sh. K. P. Singh ,GM(PSP), Tehri, Sh. R. N. Singh, GM(SP), Kaushambi , Sh. U. K. Thakur, GM(Tehri Stage-1), Sh. N. K. Prasad, AGM ( P-Admn), Sh. Y. S. Rathor, AGM (New Projects),NTT, Sh. K. B Singh, AGM (E&C), Pipalkoti , Sh. S. K. Sharma, AGM(QA & I), Sh. Atul Kapoor, AGM(CP), Sh. B. K. Sinha, DGM (P&A), Koteshwar & Sh. S. K. Banerjee, DGM(Fin), Pipalkoti were invited to share their expertise with younger generation.

# Training on Self Empowerment & Leadership Development





Training program on "Self Empowerment & Leadership Development" was organised on 05th & 06th September,2019 at Sustainable Livelihood & Community development Centre, Aam bag. Total 47 No. Female employees across functions /units attended the program. The program provided an opportunity for our Women employees in various domains to reflect on their leadership potential and strike a balance between Personal and Professional Lives. The program was facilitated through Ms. Mona Verma & Sh S. Hali from Disha , Haridwar.

# टीएचडीसी द्वारा कांवड़ यात्रियों हेतु चिकित्सा सहायता कैम्प



श्री बीरेन्द्र सिंह रावत, क्षेत्राधिकारी, उत्तराखण्ड पुलिस, ऋषिकेश के आग्रह पर टीएचडीसी द्वारा अपनी कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत कांवड़ यात्रियों के सहायतार्थ अपने कारपोरेट कार्यालय के निकट हरिद्वार बाईपास रोड, ऋषिकेश में एक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर की स्थापना की गयी। उक्त शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा के अतिरिक्त कांवड़ यात्रियों हेतु, शुद्ध पेयजल, विद्युत्तीकरण एवं आश्रय हेतु वाटरप्रूफ टैन्ट की व्यवस्था भी की गई। दिनांक 17.07.2019 को उक्त शिविर का उद्घाटन अधिशासी निदेशक श्री एच. एल. भारज द्वारा किया गया। सम्पूर्ण कांवड़ यात्रा के दौरान दिनांक 17.07.2019 से 07.08.2019 तक शिविर में नि:शुल्क दवाईयों सहित जरूरतमन्द कांवड़ियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवायी गयी ।



# टीईएस स्कूल ऋषिकेश के छात्र–छात्राओं हेतु नि:शुल्क चिकित्सा का आयोजन

दिनांक 02.09.2019 से 04.09.2019 को सेवा–टीएचडीसी द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश के सहयोग से टीईएस स्कूल ऋषिकेश के छात्र–छात्राओं हेतु नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक तकनीकी, टीएचडीसी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस चिकित्सा शिविर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश के विशेषज्ञों द्वारा बीपीएल परिवार के लगभग 400 छात्र–छात्राओं की नि:शुल्क चिकित्सा जांच की गयी।

इस अवसर पर श्री एच.एल. भारज, अधिशासी निदेशक, (सामा. एवं पर्या.) द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि सीएसआर कार्यों हेतु भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशानुसार वर्ष 2019–20 का शीर्षक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषाहार रखा गया है तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को अपने विद्यालय तथा अपने घर के चारों ओर साफ–सफाई तथा अन्य लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने, वृक्ष लगाने के महत्व और वायु प्रदूषण की रोकथाम के प्रति जागरूक करें। श्री एच. एल. भारज ने श्री डी. वी. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा इस अवसर पर जारी अपील



भी पढ़कर बताया जिसके अन्तर्गत उनके द्वारा टीएचडीसी परिसर कार्यालय तथा आस–पास के क्षेत्रों जैसे स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों तथा टीएचडीसी परिसर को जोड़ने वाली सड़कों आदि को स्वच्छ रखने हेतु आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को पौष्टिक आहार तथा नि:शुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया।

इसके पश्चात, निदेशक तकनीकी द्वारा विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण के संरक्षण हेतु रूद्राक्ष के पौधों का भी वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर श्री शैलेन्द्र सिंह महाप्रबन्धक, पी.के. नैथानी अपर महाप्रबन्धक, उप महाप्रबन्धक श्री राजेश्वर गिरि, उप महाप्रबन्धक श्री सुनील साह, डा. सुरेखा कुमार, डा. महेन्द्र सिंह, डा. योगेश, AIIMS एवं टीएचडीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीएचडीसीआईएल एवं टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर ऐसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सी.एस.आर. गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री का वितरण




टीएचडीसी इडिया लिमिटेड के सी.एस.आर. विभाग एवं टीएचडीसी लेडिज वेलफेयर ऐसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सी.एस.आर. गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री वितरण हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर ऐसोसिऐशन की मुख्य संरक्षिका श्रीमती सुनीता सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों का अधिशासी निदेशक श्री एच. एल. भारज एवं महाप्रबन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा स्वागत कर किया गया। इस अवसर पर टीएचडीसी द्वारा गोद लिए हुए 04 स्कूलों को पौषक सामाग्री, खेल सामाग्री, वितरित की गयी। इसके अतिरिक्त, टिहरी अस्पताल को न्यूट्रिशन एवं आइरन टेबलेट, हरिद्वार अस्पताल को व्हील चेयर और ऋषिकेश के राष्ट्रीय बाल शिक्षा एवं वेलफेयर सोसाइटी को वाटर कूलर वितरित किये गये। समारोह में श्रीमती सुनीता सिंह द्वारा हाल ही में एवरेस्ट फतेह करने वाली देहरादून निवासी सुश्री अमीषा चौहान को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुश्री अमीषा द्वारा एवरेस्ट फतेह में आई कठिनाईयों को लेकर अपने अनुभव भी साझा किये गये। तत्पश्चात् श्रीमती सुनीता सिंह द्वारा चौखम्बा संस्था एवं आई.एम.ए. देहरादून के माध्यम से रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती सुनीता सिंह को आईएमए, देहरादून के डा. कमल साहू द्वारा टीएचडीसी ऋषिकेश डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर आयोजित करने पर उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में टीएचडीसी शिक्षा समिति के अंतर्गत संचालित स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व विभिन्न संस्थाओं द्वारा टीएचडीसी की सी.एस.आर परियोजनाओं के तहत निर्मित उत्पादों का स्टालों के माध्यम से प्रदर्शन विशेष आर्कषण रहे। महिला क्लब ने टीएचडीसी द्वारा सी.एस.आर. के माध्यम से समाज के लिये किये जा रहे उत्कृष्ठ कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की व इन कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु योगदान देने वाले टीएचडीसी के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अन्य गतिविधियों में महिला क्लब द्वारा टीएचडीसी शिक्षा समिति के माध्यम से संचालित स्कूल के मेधावी छात्रों व साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतिया देने वाले छात्र–छात्राओं का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

# टीएचडीसी कोटेश्वर परियोजना स्कूल में मध्यान भोजन की शुरूआत



टीएचडीसी कोटेश्वर में ओमकारा नन्द सरस्वती पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की शुरूआत की गयी। टीएचडीसी सेवा के माध्यम से मध्यान्ह भोजन का उत्तरदायित्व मधुवन आश्रम ऋषिकेश को सौंपा गया। मध्यान्ह भोजन का शुभारंभ श्री पी. के. अग्रवाल, महाप्रबन्धक (परियोजना) एवं मधुवन आश्रम के अध्यक्ष श्री परमानन्द दास जी द्वारा स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन करा कर किया गया।

इस अवसर पर श्री डी. मणी, अपर महाप्रबन्धक (बाँध एवं पावर हाउस), श्री एच. के. जिन्दल, उप महाप्रबन्धक (नियोजन एवं सेवा टीएचडीसी), श्री एस.के. चौहान, उप महाप्रबन्धक (सुरक्षा विभाग), श्री रामबाबू सिंह, उप महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), डा. जी.एस. श्रीनिवास, सी.एम.ओ. टीएचडीसी, एवं परियोजना में कार्यरत अन्य अधिकारियों के अतिरिक्त स्कूल के प्रधानाचार्य श्री बी. एस. मथुरिया, श्री गबर सिंह राणा, श्री महाबीर प्रसाद भट्ट एवं समस्त शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विधि-विधान से की गई विश्वकर्मा पूजा




कारपोरेशन के ऋषिकेश, टिहरी, कोटेश्वर, वीपीएचईपी, ढुकवां आदि कार्यालयों में प्रति वर्ष की भाँति इस बार भी 17 सितम्बर, 2019 को विश्वकर्मा दिवस पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधि विधान के साथ की गयी। विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि सभी देवताओं के भवनों, महलों, हथियारों एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। मान्यता है कि रावण की सोने की लंका का निर्माण भी उन्होंने ही किया था।









# रिंगाल-हिमालयन बैम्बु के माध्यम से आजीविका संवर्द्धन

श्री सौरभ कुशवाहा
वरि. का. अधि. (सी.एस.आर.)

उत्तराखण्ड एक पहाड़ी प्रदेश है। पहाड़ी क्षेत्र का विकास अभी भी एक चुनौती बना हुआ है क्योंकि लोगों का पहाड़ी क्षेत्र से मैदानी क्षेत्रों की ओर पलायन जारी है। राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि एवं सम्बन्धित व्यवसायों पर आधारित है। उत्तराखण्ड की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है लेकिन वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत भूमि ही कृषि योग्य बची है। इस 20 प्रतिशत भूमि में से केवल 12 प्रतिशत सिंचित है और 8 प्रतिशत वर्षा आधारित है। पानी की कमी आज पर्वतीय कृषि ही नहीं यहां के निवासियों के लिए भी समस्या बनी हुयी है। सुअर, और बंदरों की बढती तादात से फसलों को खासा नुकसान पहुंचता है। जिससे खेती करने वालों में गहरी निराशा और उदासीनता का माहौल है। खेती की खराब स्थिति एवं रोजगार के कोई खास संसाधन उपलब्ध न होने के कारण गांव के युवा मजबूरन रोजगार की तलाश में मैदानी क्षेत्रों की ओर पलायन कर रहे हैं।

किसी भी समाज या राष्ट्र की उन्नति में वहां के उद्योग धन्धों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बिना औद्योगिक विकास के आर्थिक उन्नति पूर्ण रुप से संभव नहीं है। उत्तराखण्ड में उद्योग धन्धों का विकास बहुत कम हुआ है। जो थोड़ा बहुत हुआ है, वह भी मैदानी क्षेत्रों तक सीमित है। उत्तराखण्ड का पहाड़ी भू–भाग तो वैसे भी बडे उद्योग धन्धों के लिये अनुकूल नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं है कि पर्वतीय भाग में कोई भी उद्योग विकसित नहीं हो सकता है। इस भू–भाग को प्रकृति ने अपार उपहारों से नवाजा है, जिनसे अनेक तरह के कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना आसानी से हो सकती है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि साथ ही उनकी आर्थिक उन्नति भी होगी और उनके जीवन स्तर में निश्चित रुप से सुधार आयेगा।

टीएचडीसी अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत सेवा – टीएचडीसी के माध्यम से सरस्वती जन कल्याण एवं स्वरोजगार संस्थान देहरादून द्वारा अपने परियोजना प्रभावित क्षेत्र घनसाली, टिहरी गढ़वाल के डारसिल गांव में 30 अनुसूचित जाति परिवारों के आजीविका संवर्द्धन हेतु कुछ इसी लक्ष्य के साथ लघु उद्योग को बढ़ावा देते हुये रिंगाल आधारित उत्पाद निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की है।



शिल्पकार श्री गिरधारी लाल रिंगाल उत्पाद का निर्माण करते हुये

## रिंगाल क्या है?

रिंगाल उत्तराखण्ड के जंगलों में पाया जाने वाला वृक्ष है जो कि बांस की प्रजाति का होता है। इसलिये इसे 'बौना बांस' भी कहा जाता है। उत्तराखण्ड में रिंगाल जीवन का अभिन्न अंग होने के साथ–साथ यहां की कला को भी प्रदर्शित करता है। रिंगाल मुख्यतः चमोली, अल्मोड़ा, पिथौरागढ, आदि जनपदों का मुख्य हस्तशिल्प उद्योग है। रिंगाल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण किया जाता है, जिसका उपयोग घरेलु एवं कृषि कार्यो में होता है। जैसे कंडी (बड़ी टोकरी), चटाई, सूप, कंटेनर, बास्केट्स, डस्टबिन, झाड़ू, टूथपेस्ट स्टैड, फूलदान, फाईल कवर, लैम्प शेड आदि।

## कार्यक्रम की गतिविधिया

रिंगाल कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त लाभार्थियों का त्रिस्तरीय प्रशिक्षण कराया जाता है। प्रथम चरण में प्रशिक्षक द्वारा शिल्पकारों को रिंगाल के बारे मे बताते हुये विभिन्न प्रकार के औजार एवं संबन्धित सामग्री के उपयोग के साथ साधारण वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया जाता है। द्वितीय चरण में फूलदान, टेबल कवर, लैम्प शेड आदि के निर्माण विधि के साथ–साथ रिंगाल को रंगना एवं रसायनों के माध्यम से संरक्षित करना सिखाया जाता है। अंतिम तृतीय चरण में मास्टर प्रशिक्षक के माध्यम से नयी डिजायन एवं रिंगाल वस्तुओं की पैकेजिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है।

## मार्केट लिंकेज


टीएचडीसी महिला क्लब समारोह के दौरान रिंगाल उत्पादों का प्रदर्शन

शिल्पकारों द्वारा निर्मित वस्तुओं की बाजार में बिक्री एवं उचित मूल्य तथा मुनाफा सुनिश्चित करने के भी कार्य किये जा रहे हैं। इस क्रम में बद्री–केदार मंदिर समिति के साथ सहभागिता करते हुये रिंगाल शिल्पकारों द्वारा निर्मित रिंगाल वस्तुओं को प्रसाद वितरण एवं पूजा हेतु उपयोग में लाया जाए, पर प्रयास चल रहा है। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ने भी रिंगाल कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये आगामी वर्षो मे रिंगाल निर्मित वस्तुओं की बिक्री एवं शिल्पकारों की आजीविका संवर्धन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन से मार्केट लिंकेज करने हेतु पूर्ण सहयोग का अश्वासन दिया है।

## उपसंहार

रिंगाल शिल्पकारों के द्वारा निर्मित वस्तुओं को विभिन्न मचों पर सराहा गया है एवं गत वर्षो मे टीएचडीसी द्वारा आयोजित दीपावली मेला एवं विभिन्न प्रदर्शनियों में स्टॉल लगाकर शिल्पकारों द्वारा निर्मित रिंगाल वस्तुओं का विक्रय कर भारी मुनाफा लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया है।

उक्त कार्यक्रम की सफलता एवं लाभार्थियों की भारी मांग के आधार पर रिंगाल प्रशिक्षण कार्यक्रम को एक साल के लिए दो अन्य गांव ढुंग एवं कोट (बूढ़ा केदार के समीप), टिहरी गढवाल मे 70 नये अनुसूचित जाति शिल्पकारों के साथ क्रियान्वित करने का फैसला लिया गया है। नये 70 अनुसूचित जाति के शिल्पकारों के प्रशिक्षण के उपरान्त शिल्पकारों की संख्या 100 हो जायेगी, जिससे उनका यह प्रयास एक लघु उद्योग का रुप धारण कर लेगा एवं ये सभी शिल्पकार स्वतंत्र रुप से अपना जीवन निर्वाह कर सकेगें।

09 मई 2019 को टीएचडीसी द्वारा ऋषिकेश में आयोजित सीएसआर दिवस पर रिंगाल शिल्पकारों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शिनी लगायी गयी जिसमें रिंगाल से वस्तुओं निर्माण की प्रक्रिया एवं सेवा–टीएचडीसी के सहयोग और प्रयासों के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर सचिव, डी.पी.ई., भारत सरकार नई दिल्ली के साथ–साथ टीएचडीसी के शीर्ष प्रबन्धन स्तर के अधिकारियों ने रिंगाल कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

### Fact - o - File

*A.falconerii (Dev Ringal), A.falcata (Gol Rinagl) A.jaunsarensis (Jamura Ringal) and Thamnocalamus spathiflora (Tham Ringal)* occur throughout the temperate forest of the State. Ringal grows on steep mountain slopes, at an elevation of 1800-2400m in the Garhwal and Kumaon Hills. They generally grow as the under-story of oak and rhododendron forests. Ringal is distributed over 66,000 ha in different forest divisions of Uttarakhand.

# महिला क्लब

17 जुलाई, 2019 को "Best out of Waste" प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 2 श्रेणी रखी गयी जिसके अंतर्गत सजावटी सामग्री में प्रथम श्रीमती रेणू वर्मा, द्वितीय श्रीमती ज्योति कपूर रहीं। वहीं उपयोगी सामाग्री में प्रथम श्रीमती रेणु वर्मा और द्वितीय श्रीमती नीरजा गोयल रहीं।



## तीज महोत्सव




## तीज क्वीन

**श्रीमती प्रकाशी सैमवाल**





27 अगस्त, 2019 को महिला क्लब की नयी संरक्षिका श्रीमती सागरिका बेहरा, धर्मपत्नी श्री जे. बेहरा, निदेशक (वित्त) का स्वागत किया गया तथा संरक्षिका श्रीमती प्रेमलता अरोड़ा का भावभिनी विदाई दी गई।

1 सितम्बर को हस्तालिका तीज उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नयी संरक्षिका श्रीमती चंचल विश्नोई, धर्मपत्नी श्री आर.के. विश्नोई, निदेशक (तकनीकी) का स्वागत भी किया गया।





# 25 सितम्बर को महिला क्लब द्वारा हिंदी दिवस







26 सितम्बर को लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को स्कूल की प्रयोगशाला हेतु सामग्री वितरित की गयी।






# 30 सितम्बर को महिला क्लब द्वारा मंदिर में कीर्तन





# हर्षोल्लास से मनाया गया नवरात्रि,



ऋषिकेश कार्यालय परिसर में विगत वर्षो कि भांति इस वर्ष भी ओपन एयर थियेटर में 08 अक्टूबर, 2019 को दशहरा पर्व का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री जे.बेहरा तथा निदेशक (तकनीकी) श्री आर.के. विश्नोई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंह, निदेशक (वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती सागरिका बेहेरा तथा निदेशक (तकनीकी) की धर्मपत्नी श्रीमती चंचल विश्नोई भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में टीएचडीसी परिवार में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों ने इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। दिल्ली की मशहूर रामलीला कम्पनी रत्नाकर ड्रामैटिक आर्टर्स द्वारा संगीतमय संक्षिप्त रामलीला का मंचन भी किया गया।











# दुर्गा पूजा, रामलीला व दशहरा

रामलीला मंचन के पश्चात आकर्षक एवं मनमोहक आतिशबाजी तथा रावण, मेघनाथ एवं कुम्भकरण के पुतलों का दहन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म व स्वादिष्ट जलपान के फूड स्टॉल भी लगाये गये थे। यह आयोजन अपर महाप्रबंधक (का. व प्र.) श्री एन.के. प्रसाद के नेतृत्व में कार्मिक–कल्याण विभाग द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित कराया गया। टिहरी कार्यालय में भी नवरात्रि के शुभ अवसर पर हरियाली, दुर्गा पूजा व दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।


















# THDCIL Bids Farewell to Director (T) Sh. H.L. Arora





A Meeting of Directors with employees and farewell bid of Sh. H. L Arora, Director (T) was organised at Rasmanjari. Director (P), CVO, Director(F) ,ED (Design) and other Sr. Officers and employees were present at this moment.

During the program, a video presentation on the achievement and an Aide-Memoire of Sh. Arora was screened. All GMs, Sr. Officers, D(T) secretariat office staff and Representatives of Union and Association honoured Mr. Arora by presenting flowers, bouquet and garlands to him.On the occasion, Director (P) ,CVO, D(F) and ED (D) delivered speech on contribution and achievement of Director (T) during his tenure at THDCIL. A smiriti chinh was also presented jointly by all the Directors and ED to D(T) on behalf of THDCIL. Director (T) concluded with his golden words and blessings for all.

We all wish him for his healthy, wealthy future ahead.


# Ms. Mansi Rawat gave a jubilant performance at Universal Music, Star Contest at Mumbai

Ms. Mansi Rawat, D/o of Sh. J.S. Rawat, Manager (Envi.) Tehri stole the musical show with her live singing performance in Star Contest held at Mumbai.

She was shortlisted in the show after seeing her performance in the YouTube video she sent for the contest. After being shortlisted, she gave a live performance in the Musical Show, "Star Contest" on 24 September 2019 at Mumbai. We at THDC wish her good luck for her future endeavor.



# 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत कारपोरेशन की सेवा से सेवानिवृत हुए सभी को भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**श्री नरेश चंद्र बहुगुणा**
वरिष्ठ प्रबंधक (सा. एवं पर्या.)
ऋषिकेश कार्यालय
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्री पी.पी. दूबे**
वरिष्ठ प्रबंधक (सा. एवं पर्या.)
ऋषिकेश कार्यालय
सेवानिवृत्त तिथि : 31.07.2019



**श्री मदन लाल**
उप प्रबंधक (प्लानिंग)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 31.07.2019



**श्री मान सिंह राणा**
परिचारक (यांत्रिक)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 31.07.2019



**श्री नूर हसन अंसारी**
वरिष्ठ कार्य सहायक (वित्त)
ऋषिकेश कार्यालय
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्री राम मनोहर**
परिचारक (यांत्रिक)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 31.08.2019



**श्री विष्णुदत्त जोशी**
वरिष्ठ मकैनिक (यांत्रिक)
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्त तिथि : 31.08.2019



**श्री जगमोहन सिंह रावत**
वरिष्ठ ऑपरेटर (यांत्रिक)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 31.07.2019



**श्री सरदार सिंह**
वरिष्ठ कार्य सहायक (सर्विसेज)
ऋषिकेश कार्यालय
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्रीमती पूर्णा देवी**
परिचारिका (चिकित्सालय)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 31.07.2019



**श्रीमती शिव कुमारी चमोली**
परिचारक (विद्युत)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्रीमती कल्याणी देवी**
परिचारक (वित्त एवं सेवा)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्रीमती भवानी देवी बडोला**
परिचारक (का. एवं प्रशा.)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019



**श्रीमती निर्मला चन्द**
वरि. चिकित्सा सहायक (चिकित्सालय)
टिहरी
सेवानिवृत्त तिथि : 30.09.2019

# Congratulations



**Ms. Anvriksha Saklani**
D/o Sh. Satish Narayan Saklani
Sr. Technician O&M Deptt. KHEP.
CBSE - Class - 10$^{th}$
Percentage: 96.60%



**Master Akash Negi**
S/o Sh. Balam Singh Negi
Technician O&M Deptt. KHEP.
CBSE - Class - 10$^{th}$
Percentage: 92.60%



**Master Sarthak Nagar**
S/o Sh. Shiv Kumar Nagar
Sr. Technician O&M Deptt. KHEP.
CBSE - Class - 10$^{th}$
Percentage: 91%



**Master Naman Singh Rawat**
S/o Sh. Vijaypal Singh RAwat
Sr. Engineer P.S.P. (E.M./H.M.)
ISCE - Class 10$^{th}$
Percentage: 91.2%



**Master Shivang Sharma**
S/o Sh. S.K. Sharma
Jr. Executive P&A Deptt. KHEP.
CBSE - Class 12$^{th}$
Percentage: 90.60%



**Ms. Vagnika Saransi**
S/o Sh. F.S. Saransi
Manager O&M Deptt. KHEP.
CBSE - Class - 12$^{th}$
Percentage: 86.80%



**Master Kartik Dhanai**
S/o Sh. Y.S. Dhanai
Sr. Technician O&M Deptt. KHEP.
CBSE - Class - 12$^{th}$
Percentage: 75.6%



**Master Mukul Rawat**
S/o Sh. Vijaypal Singh RAwat
Sr. Engineer P.S.P. (E.M./H.M.)
ISCE - Class 12$^{th}$
Percentage: 93.4%



**Master Aditya Bhatt**
S/o Sh. N.K. Bhatt
DGM Mechanical Deptt. KHEP,
ICSE - Class - 12$^{th}$
Percentage: 91.8%



**MS. Varsha Arya**
S/o Sh. Ram Kishore
Sr. Engineer B&R Deptt. KHEP
ISCE - Class 12$^{th}$
Percentage: 77%



**Ms. Monika**
D/o Sh. Mahavir Prasad Bijalwan
Attendenat Electrical Deptt. KHEP.
U.K. Board - Class - 12$^{th}$
Percentage: 78.2%



**Ms. Kajal**
D/o Sh. Naresh Kumar
Helper Mechanical Deptt. KHEP.
U.K. Board - Class - 12$^{th}$
Percentage: 74%



**MS. Anita**
D/o Sh. Mahavir Prasad Bijalwan
Attendenat Electrical Deptt. KHEP.
U.K. Board - Class - 12$^{th}$
Percentage: 70.4%


टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A joint venture of Govt. of India & Govt. of U.P.)

डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक (नीति)/कारपोरेट संचार) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश–249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135–2439942, वेबसाइट: http://thdc.co.in ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किये गये विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
(निःशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)

Follow us:- @THDCIL.24x7 @THDCIL_MOP @THDCIL @THDC India Limited - Official

Designed & Printed by: Current Advertising Pvt. Ltd.